पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

सारा विश्व एक परिवार है, ऐसा उदार चरित्र निर्माण करने की जरूरत है - राज्यपाल

अच्छे लोगों के राजनीति में आने से भ्रष्टाचार पर भी रोक लगेगी - श्री नाईक

लखनऊः 24 जुलाई, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज एलेन पब्लिक स्कूल, तेलीबाग लखनऊ में इण्डियन इण्टरनेशनल मॉडल यूनाइटेड नेशन, लखनऊ चैप्टर द्वारा आयोजित समारोह में कहा कि हमारा देश 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की परम्परा में विश्वास रखता है। सारा विश्व एक परिवार है, ऐसा उदार चरित्र निर्माण करने की जरूरत है। स्वच्छ राजनीति के लिए संस्कारवान युवा आगे आयें। अच्छे लोगों के राजनीति में आने से समाज में व्याप्त कुरीतियों के साथ भ्रष्टाचार पर भी रोक लगेगी। राजनीति में अच्छे लोग आयेंगे तो वहाँ भी सब कुछ अच्छा हो जायेगा। अपने कर्तव्य के प्रति सजग रहकर लक्ष्य बनाये तथा उसे हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करें। उन्होंने कहा कि युवा भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए अपने को तैयार करें।

राज्यपाल ने कहा कि भारत को अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्य बनाने तथा जी0एस0टी0 के संदर्भ में छात्र-छात्राओं के वाद-विवाद से निकले निष्कर्ष यदि संस्था द्वारा प्रस्ताव के रूप में प्राप्त होगा तो वे उसे केन्द्र सरकार और विपक्ष के नेताओं को भेजेंगे। उन्होंने कहा कि सकारात्मक वाद-विवाद से नयी बात निकलती है।
श्री नाईक ने कहा कि 2020 तक भारत विश्व का सबसे युवा देश होगा। युवा पीढ़ी देश के विकास के लिए पूंजी है। युवा पीढ़ी को पूंजी के रूप में स्थापित करने के लिए सही मार्ग दर्शन की जरूरत है। गलत रास्ते पर चलने से युवा पीढ़ी देश के लिए एक जिम्मेदारी बन जायेगी। नयी पीढ़ी गलत रास्ते पर न जाये यह देखना पूरे समाज की जिम्मेदारी है। हमारे युवा अपना छात्र धर्म निभायें। उन्हें चाहिए कि वे अपनी पढ़ाई पर ध्यान दें और अपनी प्राथमिकता तय करें। शिक्षा का कोई अंत नहीं है, इसलिए ज्यादा से ज्यादा विद्या अर्जित करें। केवल किताबी कीड़ा न बने, इसलिए खेल-कूद में भी हिस्सा लें। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन समग्र व्यक्तित्व विकास के लिए उपयुक्त अवसर होता है।

इस अवसर पर इण्डियन इण्टरनेशनल मॉडल यूनाइटेड नेशन के संस्थापक अध्यक्ष श्री ऋषभ शाह ने अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत को अपनी पहचान बनाने के लिए देश की युवा पीढ़ी आगे आये। उन्होंने यह भी कहा कि भारत को सुरक्षा परिषद को स्थायी सदस्य बनाने के लिए युवा महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

कार्यक्रम में राज्यपाल ने 'बेस्ट डेलीगेशन अवार्ड' स्टडी हाल स्कूल को दिया। इस अवसर पर स्वागत उद्बोधन एलेन पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती कविता विज द्वारा दिया गया।

अंजुम/ललित/राजभवन (255/25)

Allenhouse
PUBLIC SCHOOL
EDUCATE • ENRICH • EMPOWER
SHRI RAM NAYAK

Allenhouse
ALLENHOUSE
AN INITIATIVE OF SUPERHOUSE GROUP